# समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में (शैक्षिक सत्र–2025–26) अतिथि/अंशकालिक शिक्षकों को इम्पैनल्ड के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश:

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में अंशकालिक/अतिथि के रूप में रखे जाने हेतु प्रस्तावित पदवार शैक्षिक अर्हताएं निम्नवत् हैः–

1–अंशकालिक/अतिथि प्रवक्ता की शैक्षिक अर्हताएं

| क्र0सं0 | पद का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| 1 | प्रवक्ता | अनिवार्य अर्हताएं<br>1–भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि तथा बी0एड0। |
| 1.1 | हिन्दी | हिन्दी |
| 1.2 | अंग्रेजी | अंग्रेजी |
| 1.3 | गणित | गणित |
| 1.4 | भौतिक विज्ञान | भौतिक विज्ञान/इलेक्ट्रॉनिक्स भौतिक/नाभिक भौतिक विज्ञान |
| 1.5 | रसायन विज्ञान | रसायन विज्ञान |
| 1.6 | जीव विज्ञान | वनस्पति विज्ञान/जन्तु विज्ञान |
| 1.7 | भूगोल | भूगोल |
| 1.8 | राजनीति शास्त्र /नागरिक शास्त्र | राजनीति शास्त्र/(नागरिक शास्त्र) |
| 1.9 | इतिहास | इतिहास |

कम्प्यूटर प्रवक्ता (पी0जी0टी0)

| | |
|---|---|
| भारत मे विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ बी0ई0 या बी0टेक0 (कम्प्यूटर साइंस/ आई0टी0)<br>अथवा<br>भारत मे विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ बी0ई0 या बी0टेक(ऐनी स्ट्रिम) और पोस्टग्रेजुएट डिप्लोमा इन कम्प्यूटर साइंस<br>अथवा<br>भारत मे विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ एम0एस0सी0 (कम्प्यूटर साइंस/आई0टी0) या एम0सी0ए0<br>अथवा<br>भारत मे विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ बी0एस0सी0 (कम्प्यूटर साइंस/ आई0टी0) या बी0सी0ए0 और किसी भी विषय से परास्नातक<br>अथवा<br>भारत मे विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन कम्प्यूटर साइंस/आई0टी0 और किसी भी विषय से परास्नातक<br>अथवा<br>डोयेक(नाईलेट) द्वारा प्रदत्त 'बी' लेवल और किसी भी विषय से कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ परास्नातक<br>अथवा<br>डोयेक(नाईलेट) द्वारा प्रदत्त 'सी' लेवल प्रमाण पत्र और स्नातक की उपाधि। | |
| प्रवक्ता पद हेतु | ➢ प्रत्येक विद्यालय में गणित, भौतिकी , रसायन, जीव विज्ञान, हिन्दी, अंग्रेजी विषयों पर अंशकालीन शिक्षकों का इम्पैनलमेंट किया जाये।<br>➢ मानविकी वर्ग में इतिहास, नागरिक शास्त्र, अर्थशास्त्र तथा भूगोल विषयों में केवल तीन विषय के शिक्षकों का इम्पैनलमेंट किया जाये। |

2—अंशकालिक / अतिथि सहायक अध्यापक एल0टी0ग्रेड की शैक्षिक अर्हताएं

| क्र0सं0 | पद का नाम | शैक्षिक अर्हताएं |
|---|---|---|
| 2 | सहायक अध्यापक एल0टी0ग्रेड | 1—भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ सम्बन्धित विषय में स्नातक उपाधि।<br>2—भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से शिक्षा शास्त्र (बी0एड0 उपाधि) में स्नातक उपाधि।<br>3—उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 / सी0टी0ई0टी0 की अर्हता।<br>4—अंग्रेजी और हिंदी माध्यम में शिक्षण में दक्षता। |
| 2.1 | हिन्दी | डिग्री पाठ्यक्रम के सभी तीन वर्षो में हिन्दी एक विषय के रूप में। |
| 2.2 | अंग्रेजी | डिग्री पाठ्यक्रम के सभी तीन वर्षो में अंग्रेजी एक विषय के रूप में। |
| 2.3 | गणित | (1) भौतिकी के साथ गणित में स्नातक डिग्री और निम्नलिखित विषयों में से कोई एक रसायन विज्ञान इलेक्ट्रॉनिक्स, कम्प्यूटर विज्ञान, सांख्यिकी।<br>(2) ऐसे विश्वविद्यालयों के मामले में जो स्नातक के अंतिम वर्ष में ऊपर उल्लिखित छः में से केवल दो विषयों के लिए प्रदान करते हैं, उम्मीदवार को परीक्षा के अंतिम वर्ष में गणित और भौतिकी का अध्ययन करना चाहिए और स्नातक के पहले और दूसरे वर्ष में तीन विषयों, अर्थात् गणित, भौतिकी और रसायन विज्ञान / इलेक्ट्रानिक्स / कम्प्यूटर विज्ञान / सांख्यिकी का अध्ययन करना चाहिए।<br>(3) जिन अभ्यर्थियों ने बी०एस०सी० डिग्री गणित विषय में ऑनर्स के साथ उत्तीर्ण की है, केवल तभी पात्र माने जायेंगे यदि उन्होंने पाठ्यक्रम के पहले और दूसरे वर्ष में भौतिकी और रसायन / इलेक्ट्रानिक्स / कम्प्यूटर विज्ञान / सांख्यिकी का अध्ययन किया हो। बी०एस०सी० (ऑनर्स) भौतिकी या रसायन विज्ञान के उम्मीदवार टी०जी०टी० (गणित) पद के लिए पात्र नहीं है। |
| 2.4 | विज्ञान | वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान और रसायन विज्ञान।<br>(1) उम्मीदार को स्नातक स्तर की पढ़ाई के सभी तीन वर्षों के दौरान वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान और रसायन विज्ञान का अध्ययन करना चाहिए।<br>(2) उम्मीदार ऐसे विश्वविद्यालयों के मामले में जो स्नातक के अंतिम वर्ष में केवल दो विषयों की व्यवस्था करते हैं, उम्मीदवारों को परीक्षा के अंतिम वर्ष में वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान, रसायन विज्ञान में से दो विषयों में से किसी एक का अध्ययन करना चाहिए और सभी तीन विषयों अर्थात अर्थात वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान एवं रसायन विज्ञान का स्नातक प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में भी अध्ययन करना चाहिए।<br>(3) ऑनर्स डिग्री के मामले में, उम्मीदवार ने पाठ्यक्रम के पहले और दूसरे वर्ष में उपर्युक्त तीन विषयों में से किसी दो विषयों का अध्ययन किया होगा। |
| 2.5 | सामाजिक विज्ञान | उम्मीदवार को स्नातक स्तर पर निम्नलिखित संयोजनों में से किसी दो विषयों का अध्ययन करना चाहिए :—<br>(क) इतिहास के साथ भूगोल / अर्थशास्त्र / राजनीति विज्ञान<br>या<br>(ख) भूगोल के साथ इतिहास / अर्थशास्त्र / राजनीति विज्ञान (दूसरे शब्दों में उम्मीदवारों को इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान में से किसी दो विषयों का अध्ययन करना चाहिए, जिसमें से एक इतिहास या भूगोल होना चाहिए।<br>(ii) उपरोक्तानुसार इतिहास / भूगोल, स्नातक में तीनों वर्षों के लिए अध्ययन किया जाना चाहिए।<br>(iii) इतिहास में ऑनर्स डिग्री के मामले में उम्मीदवार को पहले और दूसरे वर्ष में भूगोल / अर्थशास्त्र / राजनीति विज्ञान का अध्ययन करना चाहिए। इसी प्रकार भूगोल में ऑनर्स डिग्री के मामले में उम्मीदवार को पहले और दूसरे वर्ष में इतिहास / अर्थशास्त्र / राजनीति विज्ञान का अध्ययन करना चाहिए। अर्थशास्त्र या राजनीति विज्ञान में बी०ए० (ऑनर्स) वाले उम्मीदवार टी.जी.टी. के पद के लिए पात्र नहीं हैं। |
| | <u>सहायक अध्यापक</u> | ➢ प्रत्येक विद्यालय में विज्ञान, गणित, अंग्रेजी, हिन्दी, सामाजिक विज्ञान, व्यायाम |

| | | |
|---|---|---|
| | (एल0टी0ग्रेड) पद हेतु | शिक्षकों को इम्पैनलमेंट अवश्य किया जाये। |

| क्र0सं0 | पद का नाम | शैक्षिक अर्हताएं |
|---|---|---|
| 1 | व्यायाम शिक्षक | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्थान से शारीरिक शिक्षा में डिग्री (बी0पी0एड0)<br>अथवा<br>डिप्लोमा ( डी0पी0एड0 ) |

2.3– आयु– संबंधित अतिथि प्रवक्ता/सहायक अध्यापक न्यूनतम आयु 21 वर्ष तथा अधिकतम आयु 60 वर्ष (सेवानिवृत्त प्रवक्ताओं/सहायक अध्यापकों हेतु 68 वर्ष) से अधिक नहीं होनी चाहिए।

3–चयन प्रकिया–सेवानिवृत्त अध्यापक जो राज्य सरकार के विद्यालय/केन्द्रीय विद्यालय/नवोदय विद्यालय में यू०पी० बोर्ड/सी०बी०एस०ई० बोर्ड में अध्यापन कार्य किये हो, उनको संबंधित विषय के लिए अतिथि प्रवक्ता/सहायक अध्यापक के रूप में रखा जा सकता है। ऐसे रखे जाने वाले अध्यापक शारीरिक तथा मानसिक रूप से अध्यापन कार्य करने में सक्षम हो तथा आवासीय विद्यालयों में कार्य करने हेतु इच्छुक हो, वरीयता प्रदान की जायेगी।

3.1–संबंधित अतिथि प्रवक्ता/सहायक अध्यापक को आवश्यकतानुसार निर्धारित समयावधि के लिए ही रखा जायेगा। अतिथि प्रवक्ता/सहायक अध्यापक का इम्पैनेलमेंट कार्यात्मक आवश्यक्ता के आधार पर किया जायेगा।

3.2–प्रवक्ताओं/सहायक अध्यापकों विषयवार पैनल हेतु साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जायेगा। अतिथि प्रवक्ताओं/सहायक अध्यापकों के लिए निम्नानुसार चयन प्रक्रिया अपनाई जायेगी :–

अ– राज्य स्तर पर 02 महत्वपूर्ण बहुप्रचारित समाचार पत्रों में इसके लिए विज्ञापन प्रकाशित किया जायेगा।

ब– प्रत्येक विद्यालय हेतु अतिथि प्रवक्ताओं/सहायक अध्यापकों के चयन में आवेदक द्वारा जनपद में स्थित विद्यालयों को वरीयता क्रम से अपना विकल्प देना होगा, जिन विद्यालयों में वे कार्य करने के इच्छुक हों।

स– अतिथि प्रवक्ता/सहायक अध्यापक हेतु पैनल में चयन हेतु प्रत्येक जनपद में अलग–अलग साक्षात्कार हेतु सम्मिलित होना होगा।

द– अतिथि प्रवक्ताओं/सहायक अध्यापकों के साक्षात्कार के माध्यम से चयन हेतु निम्नानुसार समिति गठित की जायेगी :–

1– संबंधित मण्डल के उप निदेशक, समाज कल्याण — अध्यक्ष

2– जिला समाज कल्याण अधिकारी — सदस्य सचिव

3– प्रधानाचार्य, संबंधित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय (पूर्ववर्ती राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय) — सदस्य

4– संबंधित विषय के विषय विशेषज्ञ — सदस्य

( प्रधानाचार्य भी विषय विशेषज्ञ के लिए नामित किये जा सकते है। )

3.3–अतिथि प्रवक्ता/सहायक अध्यापक के पदों हेतु प्राप्त आवेदन पत्र जिसमें अभ्यर्थी शैक्षिक योग्यता स्नात्कोत्तर/स्नातक/इण्टर मीडिएट परीक्षा में प्राप्त प्राप्ताकों का भी उल्लेख होगा, अतिथि/अंशकालिक शिक्षकों के चयन हेतु 70 प्रतिशत अंक शैक्षणिक, 10 प्रतिशत अनुभव, 20 प्रतिशत साक्षात्कार हेतु अंक निर्धारित किये जायेंगे। प्रवक्ता तथा सहायक अध्यापक एल0टी0ग्रेड पद हेतु साक्षात्कार के आधार पर अंक दिये जाने का विवरण निम्नवत् होगा:–

| क्र0 सं0 | पद/विषय | कक्षा–12 | स्नातक | स्नातकोत्तर | बी0एड0/डिप्लोमा | अनुभव | योग | साक्षात्कार | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रवक्ता (पी0जी0टी0) | 10% | 20% | 30% | 10% | 10 | 80 | 20 | 100 |
| 2 | सहायक अध्यापक एल0टी0ग्रेड | 20% | 30% | 10% | 10% | 10 | 80 | 20 | 100 |

3.4–उपर्युक्तानुसार अधिकतम अंक 80 अंक स्नात्कोत्तर/स्नातक/इण्टर मीडिएट तथा बी0एड0 व अनुभव के आधार पर किसी अभ्यर्थी को प्राप्त हो सकेंगे। आवासीय विद्यालय में अनुभव रखने वाले को 02 अंक तथा अनावासीय अभ्यर्थियों को 01 अंक

प्रति वर्ष के आधार पर दिया जायेगा। पद/विषय वार अभ्यर्थियों के प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट सूची बनायी जायेगी। समान अंक होने की स्थिति में अधिक आयु को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी। अनुभव हेतु अधिकतम 10 अंक अनुमन्य होंगे।

3.5–इसी मेरिट सूची से विषयवार पदों के सापेक्ष 03 गुने तक की संख्या में अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जायेगा।

4–<u>अन्य आवश्यक निर्देश</u>– अतिथि शिक्षक को निर्गत कार्यादेश में यह स्पष्ट रूप से उल्लिखित कर दिया जाय कि वह भविष्य में अपने कार्य एवं कार्यकाल के आधार पर निर्धारित प्रति कालखण्ड मानदेय की धनराशि के अतिरिक्त कोई अन्य सुविधा की मांग नहीं करेंगे तथा इनकी सेवायें कभी भी समाप्त की जा सकेगी, जिसके लिए उन्हें किसी प्रकार की क्षतिपूर्ति अनुमन्य नहीं होगें।

4.1–यदि अतिथि कार्मिक की सेवायें अनुपयुक्त पायी जाती है तो उन्हें 15 दिन पूर्व सूचित करते हुए इस कार्य से हटाया जा सकेगा।

4.2–बालिका विद्यालयों में केवल महिला शिक्षकों का इम्पैनलमेंट किया जायेगा।

4.3–अतिथि प्रवक्ता/सहायक अध्यापक के अध्यापन कार्य के घंटे नियमित प्रवक्ताओं/सहायक अध्यापकों के लिए निर्धारित पीरियड के अनुसार होगा।

4.4–अतिथि प्रवक्ता/सहायक अध्यापक नियमित प्रवक्ताओं/सहायक अध्यापकों द्वारा किये जा रहे समस्त शैक्षणिक तथा शिक्षणेत्तर कार्यकलापों में पूर्ण सहभागिता भी करेंगें यथा–कक्षा संबंधी कार्य, कॉपी जांच, इन्वीजिलेटर ड्यूटी, मूल्यांकन कार्य, ट्रेनिंग कार्य, खेल–कूद संबंधी कार्य, छात्रों के व्यक्तित्व विकास हेतु कार्य तथा प्रधानाचार्य द्वारा दिये गये कार्य।

4.5–विद्यालय में आवासीय सुविधा उपलब्ध होने पर अतिथि प्रवक्ता/सहायक अध्यापक को निःशुल्क आवासीय सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी।

4.6–इनपैनलमेंट केवल शैक्षिक सत्र– 2025–26 हेतु मान्य होगा।

5–मानदेय –अतिथि प्रवक्ता हेतु रूपये 320/– प्रत्येक पीरियड तथा अतिथि अध्यापक हेतु रूपये 300/– प्रत्येक पीरियड का भुगतान अनुमन्य होगा। अतिथि प्रवक्ता/सहायक अध्यापक को 01 दिवस में अधिकतम 05 पीरियड ही दिया जा सकता है। अधिकतम मानदेय निम्नानुसार होगा :–

| | |
|---|---|
| 1–प्रवक्ता | रूपये 35,000/– |
| 2–सहायक अध्यापक | रूपये 30,000/– |

# समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय

................................जिला...........................

आवेदन पत्र पी0जी0टी0/टी0जी0टी0 के लिए प्रारूप

पूरी तरह मानदेय के आधार पर शिक्षकों के पैनल में शामिल होने के लिए

( अंशकालीन शिक्षकों हेतु )

सत्र–2025–26

स्वप्रमाणित फोटो चस्पा करें।

1.पद के लिए आवेदक का नाम–.............................................मानदेय आधार पर

2. नाम–.......................................

3. जन्मतिथि–................................ आयु–.............................

4. पिता/पति का नाम–............................................................

5. जाति प्रमाण पत्र–..................................................................

6. अनुभव प्रमाण पत्र–................................................................

7. पत्राचार का पता–..................................................................

जनपद–.............................................

तहसील–.............................................

थाना–.................................................

पिन कोड–.........................................

8. मूल निवास का पता–............................................................

जनपद–.............................................

तहसील–.............................................

थाना–.................................................

पिन कोड–.........................................

9. सम्पर्क सूत्र....................................................

10. जिस श्रेणी में शामिल है–......................... ( सामान्य, अनुसूचित जाति, पिछड़ वर्ग )

11.शैक्षिक योग्यता ( पी0जी0टी0/टी0जी0टी0) के लिए

| क्र0सं0 | योग्यता | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्राप्त अंकों का प्रतिशत | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हाईस्कूल ( कक्षा–10 ) | | | | |
| 2 | इण्टरमीडिएट ( कक्षा–12 ) | | | | |
| 3 | स्नातक<br>( बी0ए0/बी0एस0सी/बी0कॉम/बी0सी0ए0/अन्य) | | | | |
| 4 | विषय में परास्तानक<br>( एम0ए0/एम0एस0सी/एम0कॉम/एम0सी0ए0/अन्य) | | | | |
| 5. | बी0एड0 / बी0पी0एड0/ डी0पी0एड0/ बी0पी0ई0 | | | | |

नोट–समस्त शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण मूल प्रपत्र की प्रति को दिए हुए क्रम (1 से 5) के अनुसार एवं शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण का प्रपत्र की प्रति संलग्न करें।

12. शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण–

- सी.टी.ई.टी/**CTET** ( )
- टी.ई0टी0/**TET** ( )

13.शिक्षण अनुभव–

1. आवासीय (1 से 5 वर्ष का अनुभव).......................वर्ष

2. अनावासीय (1 से 10 वर्ष का अनुभव).......................वर्ष

आवेदन पत्र में दी गई सभी जानकारी सत्य है, यदि कोई जानकारी असत्य पाई जाती है तो मेरा आवेदन अस्वीकार कर दिया जाए।

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर

स्थान–.....................

दिनांक–...................

JPNSV